भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 259
सोमवार, 5 फरवरी, 2024/16 माघ, 1945 (शक)

तमिलनाडु में उन्नत प्रशिक्षण संस्थान

259. श्री एस. ज्ञानतिरावियमः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की तमिलनाडु में उन्नत प्रशिक्षण संस्थान (एटीआई), चेन्नई हेतु अतिरिक्त निधि प्रदान करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान और अब तक तमिलनाडु में एटीआई द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु कितनी निधि जारी की गई है;

(घ) सरकार द्वारा तमिलनाडु में औद्योगिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु निधि बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) क्या सरकार ने इस उद्देश्य के लिए कोई अतिरिक्त निधि आवंटित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) तथा (ख): प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी), कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वाधान के तहत राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) चेन्नई, पूर्व में उन्नत प्रशिक्षण संस्थान (एटीआई) एक मुख्य कौशल प्रशिक्षण संस्थान है। यह अनुदेशक प्रशिक्षणार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआइज) के प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु तकनीक में दक्ष कर हैन्ड्स-ऑन (प्रैक्टिकल) कौशल और प्रशिक्षण प्रणाली दोनों में व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करता है। यह उन्नत व्यवसायिक प्रशिक्षण योजना (एवीटीएस) के तहत उद्योग की अपस्किलिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित लघु-अवधि पाठ्यक्रम भी चलाता है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए एनएसटीआई-चेन्नई को शुरुआती आवंटित बजट रु. 19.7750 करोड़ (रुपए उन्नीस करोड़ सतत्तर लाख और पचास हजार) था। हालांकि संस्थान की माँग के आधार पर, अब इसे रु. 19.6098 करोड़ (रुपए उन्नीस करोड़ साठ लाख और अठ्ठानवे हजार) में संशोधित कर दिया गया है।

(ग) एनएसटीआई, चेन्नई को विगत तीन वित्तीय वर्षों और साथ ही इस वित्तीय वर्ष में जारी बजट/निधि का ब्यौरा निम्नलिखित तालिका में दिया गया हैः

तालिकाः एनएसटीआई-चेन्नई को आवंटित जारी निधि

तमिलनाडु में एनएसटीआई चेन्नई								
रुपए हजार में								
शीर्ष का नाम	**वि.व.-2020-21**		**वि.व.-2021-22**		**वि.व.-2022-23**		**वि.व.-2023-24**	
	बजट आवंटन	**व्यय**	**बजट आवंटन**	**व्यय**	**बजट आवंटन**	**व्यय**	**बजट आवंटन**	**संशोधित अनुमान**
कुल राजस्व	13,29,34	13,24,46	14,01,90	13,54,65	16,00,00	15,61,50	17,41,78	17,33,26
कुल पूंजी	63,50	63,10	68,00	66,69	1,01,50	72,79	2,35,72	2,27,72
कुल (राजस्व + पूंजी)	13,92,84	13,87,56	14,69,90	14,21,34	17,01,50	16,34,29	19,77,50	19,60,98

इस बजटीय आवंटन के अतिरिक्त "औद्योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) " नामक एक विश्व बैंक सहायित परियोजना के तहत एनएसटीआई चेन्नई को निधि जारी की गई हैं। यह परियोजना औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआइज) और शिक्षुताओं के माध्यम से प्रदान कौशल प्रशिक्षण की प्रासंगिकता और कार्य-कुशलता में सुधार का लक्ष्य रखती है। स्ट्राइव परियोजना के तहत, एनएसटीआई चेन्नई को वित्तीय वर्ष 2022-23 में रु. 1.60 करोड़ (रुपए एक करोड़ और साठ लाख) आवंटित किए गए हैं। यह निधि एनएसटीआई चेन्नई में मौजूदा उपकरण और कौशल-प्रयोगशालाओं को उन्नत करने के लिए है।

(घ) तथा (ड.): तमिलनाडु राज्य में एनएसटीआई, चेन्नई तथा त्रिची में एनएसटीआई (महिला) नामक दो एनएसटीआइज अवस्थित हैं। वर्ष 2023-24 के लिए इन दो एनएसटीआइज हेतु आवंटित बजट रु. 26.8232 करोड़ (रुपए छब्बीस करोड़ बयासी लाख और बत्तीस हजार) है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार द्वारा शुरु स्किल इंडिया मिशन (एसआईएम) के तहत कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) तथा आईटीआइज में चलने वाली शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) जैसी इसकी विविध योजनाओं के तहत कौशल विकास संस्थानों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से युवाओं को कौशलीकरण, पुनःकौशलीकरण तथा अप-कौशलीकरण हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। एसआईएम का उद्देश्य भारत के युवाओं को लाभदायक स्वः/वेतन रोजगार हेतु भविष्य के लिए तथा उद्योग हेतु तैयार करने में सक्षम बनाना है।

पीएमकेवीवाई के तहत, वि.व. 23-24 में तमिलनाडु राज्य में कौशलीकरण हेतु रु. 17.11 करोड़ (रुपए सतरह करोड़ और ग्यारह लाख) की राशि खर्च की जा चुकी है।

जेएसएस योजना के तहत, विगत तीन वर्षों के दौरान और 30.01.2024 तक तमिलनाडु को जारी कुल अनुदान रु. 13.6296 करोड़ (रुपए तेरह करोड़ बासठ लाख और छियानवे हजार) है।

एनएपीएस योजना के तहत, विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान और 30.01.2024 तक तमिलनाडु राज्य को रु. 11.80 करोड़ (रुपए ग्यारह करोड़ और अस्सी लाख) की राशि जारी की है।

स्ट्राइव परियोजना के तहत, एनएसटीआई चेन्नई हेतु आवंटित निधि के अलावा, तमिलनाडु राज्य सरकार को राज्य में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की कौशल अवसंरचना को उन्नत करने और उद्योग समूहों हेतु रु. 28.70 (रुपए अठ्ठाइस करोड़ तथा सत्तर लाख) की राशि भी जारी की गई है।

***